Under CSR Support by
ipca | Foundation

कक्षा - 8

सामाजिक विज्ञान

हमारे अतीत-III

अध्याय-6 : "देशी जनता" को सभ्य बनाना
राष्ट्र को शिक्षित करना

भाग-1

देशी जनता को सभ्य और
शिक्षित बनाने का प्रयास

निर्मल सिंह



missiongyan
LET'S LEARN TOGETHER

Under CSR Support by ipca Foundation

विवरण (Overview)

missiongyan LET'S LEARN TOGETHER

1. देशी जनता को सभ्य और शिक्षित बनाने का प्रयास
2. स्थानीय पाठशाला और विलियम एडम की रिपोर्ट
3. राष्ट्रीय शिक्षा की कार्यसूची



Under CSR Support by
ipca | Foundation

missiongyan
LET'S LEARN TOGETHER

देशी जनता को सभ्य और शिक्षित बनाने का प्रयास



- अंग्रेज़ों को लगता था कि उनका एक सांस्कृतिक मिशन भी है।
- वे मानते थे कि उन्हें "देशी समाज को सभ्य बनाना" है।
- वे देशी समाज के रीति-रिवाज़ों और मूल्य-मान्यताओं को बदलना चाहते थे।

Under CSR Support by
ipca | Foundation

missiongyan
LET'S LEARN TOGETHER

- उन्होंने भारतीयों को शिक्षित, "सभ्य", और अंग्रेज़ों की सोच के मुताबिक "अच्छी प्रजा" बनाने के लिए अनेक कदम उठाए।



Under CSR Support by
ipca | Foundation

missiongyan
LET'S LEARN TOGETHER

प्राच्यवाद की परंपरा



- सन् 1783 में विलियम जोन्स कलकत्ता आए।
- उन्हें ईस्ट इंडिया कंपनी द्वारा सुप्रीम कोर्ट में जूनियर जज के पद पर तैनात किया गया था।
- विलियम जोन्स कानून के माहिर और एक भाषाविद भी थे।
- उन्होंने ऑक्सफर्ड में ग्रीक और लैटिन का अध्ययन किया था।

Under CSR Support by ipca | Foundation

missiongyan LET'S LEARN TOGETHER

- वे फ्रेंच और अंग्रेज़ी जानते थे और अरबी व फ़ारसी भी सीख चुके थे।
- कलकत्ता में आने के बाद वे संस्कृत काव्यों का अध्ययन करने लगे थे।
- उन्होंने कानून, दर्शन, धर्म, राजनीति, नैतिकता, अंकगणित, चिकित्सा विज्ञान और अन्य विज्ञानों की प्राचीन भारतीय पुस्तकों का अध्ययन शुरू कर दिया।

Under CSR Support by ipca | Foundation

missiongyan LET'S LEARN TOGETHER



- हैनरी टॉमस कोलब्रुक और नैथेनियल हॉलहेड भी संस्कृत व फ़ारसी रचनाओं का अंग्रेज़ी में अनुवाद कर रहे थे।
- इनके साथ मिलकर जोन्स ने एशियाटिक सोसायटी ऑफ़ बंगाल का गठन किया।
- जोन्स ने एशियाटिक रिसर्च नामक शोध पत्रिका का प्रकाशन शुरू किया।

Under CSR Support by ipca | Foundation

missiongyan LET'S LEARN TOGETHER

- जोन्स और कोलब्रुक प्राचीन ग्रंथों को ढूँढ़ने, उनकी व्याख्या करने और अनुवाद करने में जुट गए।
- कंपनी के बहुत सारे अधिकारियों ने दलील दी कि हिंदुओं और मुसलमानों को वही पढ़ाया जाना चाहिए जिसे वे आदर और महत्त्व देते हैं।
- तभी अंग्रेज़ "देशी जनता" का दिल जीत सकते हैं।

Under CSR Support by ipca | Foundation

missiongyan LET'S LEARN TOGETHER

- 1781 में अरबी, फ़ारसी, इस्लामिक कानून के अध्ययन को बढ़ावा देने के लिए कलकत्ता में एक मदरसा खोला गया।
- 1791 में बनारस में हिंदू कॉलेज की स्थापना की गई ।
- परंतु कंपनी के बहुत सारे अफ़सर प्राच्यवादियों के कटु आलोचक भी थे।



Under CSR Support by
ipca | Foundation

missiongyan
LET'S LEARN TOGETHER

"पूरब की जघन्य ग़लतियाँ"

- उन्नीसवीं सदी की शुरुआत से ही बहुत सारे अंग्रेज़ अफ़सर शिक्षा के प्राच्यवादी दृष्टिकोण की आलोचना करने लगे थे।
- उनका कहना था कि पूर्वी समाजों का ज्ञान अवैज्ञानिक है।
- प्राच्यवादियों पर हमला करने वालों में जेम्स मिल प्रमुख थे।

Under CSR Support by ipca | Foundation

missiongyan LET'S LEARN TOGETHER

- उनकी राय में शिक्षा के ज़रिए व्यावहारिक चीज़ों का ज्ञान दिया जाना चाहिए।
- भारतीयों को ये पढ़ाया जाना चाहिए कि पश्चिम ने किस तरह की वैज्ञानिक और तकनीकी सफलताएँ हासिल कर ली हैं।
- 1830 के दशक में थॉमस बैबिंगटन मैकॉले इन आलोचकों में सबसे प्रभावशाली विचारक थे।
- वह भारत को असभ्य देश मानते थे जिसे सभ्यता का पाठ पढ़ाना ज़रूरी था।



Under CSR Support by
ipca | Foundation

missiongyan
LET'S LEARN TOGETHER

- मैकॉले का कहना था कि "एक अच्छे यूरोपीय पुस्तकालय का केवल एक खाना ही भारत और अरब के समूचे देशी साहित्य के बराबर" है।
- मैकॉले ने अंग्रेज़ी भाषा सिखाने की ज़रूरत पर ज़ोर दिया।
- उनका मानना था कि अंग्रेज़ी के ज्ञान से यहाँ के लोग पश्चिमी विज्ञान और दर्शन के क्षेत्र में हुए विकास से अवगत हो पाएंगे।

Under CSR Support by ipca | Foundation

missiongyan LET'S LEARN TOGETHER



- मैकॉले के मिनट्स (विवरण) के आधार पर 1835 का अंग्रेज़ों का शिक्षा अधिनियम पारित किया गया।
- ये फ़ैसला लिया गया कि कलकत्ता मदरसे तथा बनारस संस्कृत कॉलेज जैसे प्राच्यवादी संस्थानों को प्रोत्साहन न दिया जाए।
- इन संस्थानों को "अपने आप क्षरण का शिकार होते जा रहे अंधकार के मंदिरों" की संज्ञा दी गई।

Under CSR Support by ipca | Foundation

missiongyan LET'S LEARN TOGETHER

व्यवसाय के लिए शिक्षा

- 1854 में कंपनी के नियंत्रक मंडल के अध्यक्ष चार्ल्स वुड के नाम से वुड का नीतिपत्र (वुड्स डिस्पैच) जारी किया गया।
- इस दस्तावेज़ में भारत में शिक्षा नीति की रूपरेखा स्पष्ट की गई।
- इस दस्तावेज़ में यूरोपीय शिक्षा का एक व्यावहारिक लाभ आर्थिक क्षेत्र में बताया गया था।

Under CSR Support by
ipca | Foundation

missiongyan
LET'S LEARN TOGETHER

- उसके मुताबिक, यूरोपीय शिक्षा से भारतीयों को व्यापार और वाणिज्य से होने वाले लाभों को समझने में मदद मिलेगी।
- 1854 के नीतिपत्र के बाद सरकारी शिक्षा विभागों का गठन किया गया।
- विश्वविद्यालयी शिक्षा की व्यवस्था विकसित करने के लिए भी कदम उठाए गए।
- 1857 में कलकत्ता, मद्रास और बम्बई विश्वविद्यालयों की स्थापना की जा रही थी।

Under CSR Support by
ipca | Foundation

missiongyan
LET'S LEARN TOGETHER



वॉरेन हेस्टिंग्स का स्मारक

प्राच्यवादी भारतीय विद्वानों से विभिन्न भारतीय भाषाएँ सीखना चाहते थे जिन्हें वह कई बार केवल बोलियाँ समझते और 'वर्नाकुलर' का नाम देते थे।

Under CSR Support by
ipca | Foundation

missiongyan
LET'S LEARN TOGETHER



स्कॉटलैंड के ईसाई प्रचारक विलियम केरे
जिसने सेरामपुर मिशन की स्थापना में मदद की।

Under CSR Support by
ipca | Foundation

missiongyan
LET'S LEARN TOGETHER



कलकत्ता के पास हुगली नदी के तट पर स्थित सेरामपुर कॉलेज।

Under CSR Support by
ipca | Foundation

missiongyan
LET'S LEARN TOGETHER

नए शब्द

भाषाविद : एक ऐसा व्यक्ति जो कई भाषाओं का जानकार और विद्यार्थी होता है।

प्राच्यवादी : एशिया की भाषा और संस्कृति का गहन ज्ञान रखने वाले लोग।

Under CSR Support by
ipca | Foundation

missiongyan
LET'S LEARN TOGETHER

नए शब्द

वर्नाकुलर : मानक भाषा से अलग किसी स्थानीय या बोली के लिए इस्तेमाल किया गया शब्द।

मदरसा : सीखने के स्थान को अरबी भाषा में मदरसा कहा जाता है। यह किसी भी तरह का स्कूल या कॉलेज या कोई और संस्थान हो सकता है।

Under CSR Support by ipca | Foundation

सीखने के प्रतिफल (Learning Outcomes)

missiongyan LET'S LEARN TOGETHER

1. प्राच्यवादी दृष्टिकोण
2. वुड का नीतिपत्र



Under CSR Support by
ipca | Foundation

मूल्यांकन (Assessment)

missiongyan
LET'S LEARN TOGETHER

1 बनारस में हिन्दू कॉलेज की स्थापना कब हुई?

अ 1791

ब 1792

स 1793

द 1794





Under CSR Support by ipca | Foundation

मूल्यांकन (Assessment)

missiongyan LET'S LEARN TOGETHER

2 ईस्ट इंडिया कंपनी द्वारा 1783 में सुप्रीम कोर्ट में जूनियर जज के रूप में किसे तैनात किया गया?

अ मैकॉले

ब विलियम केरे

स विलियम जोन्स

द हेनरी टॉमस कोलब्रुक



Under CSR Support by ipca | Foundation

मूल्यांकन (Assessment)

missiongyan LET'S LEARN TOGETHER

3 वुड का नीतिपत्र कब जारी किया गया?

- अ 1854
- ब 1855
- स 1856
- द 1857



Under CSR Support by ipca | Foundation

मूल्यांकन (Assessment)

missiongyan LET'S LEARN TOGETHER

4 मैकॉले के मिनट्स (विवरण) के आधार पर 1835 का अंग्रेज़ों का शिक्षा अधिनियम पारित किया गया।

अ सत्य

ब असत्य



Under CSR Support by ipca | Foundation

मूल्यांकन (Assessment)

missiongyan LET'S LEARN TOGETHER

5 | प्राच्यवादियों पर हमला करने वालों में ---------- प्रमुख थे।

